समाचार

# प्रगतिरत नाली निर्माण के कार्यो को वर्षा के पूर्व पूरा करें—महापौर

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 20 अंतर्गत कांशीनगर आरामशीन बस्ती सहित अन्य मोहल्ला का किया सघन भ्रमण, बस्तीवासियों से जानी उनकी समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश)




कोरबा 03 जून 2019 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि प्रगतिरत नाली निर्माण के कार्यो में गति लाकर उन्हें वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व पूरा करें तथा निर्मित की जा रही नालियों को आर.सी.सी. स्लेब के माध्यम से ढककर उन्हें कबर्ड करें। आंतरिक सड़कों के पुनर्निर्माण एवं नवनिर्माण की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण कराएं, साथ ही निर्माण कार्यो के दौरान कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 20 कांशीनगर आरामशीन, रवि स्वीट्स के पीछे, शिशु मंदिर के सामने स्थित गांधी पुतला के समीप स्थित बस्ती, नूरी मस्जिद के समीप स्थित बस्ती सहित अन्य मोहल्लों का सघन रूप से दौरा किया। उन्होने विभिन्न बस्तियों में पैदल भ्रमण करते हुए बस्तीवासियों से भेंट की एवं उनकी विकास संबंधी समस्याओं व आवश्यकताओं पर चर्चा की। बस्तीवासियों द्वारा विविध छुट पूट समस्याओं से अवगत कराने पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिए। इन बस्तियों में निगम द्वारा नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, गुणवत्ता को देखा तथा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रगतिरत नाली निर्माण के कार्यो को बरसात प्रारंभ होने से पूर्व पूरा करें, इस हेतु कार्यो में आवश्यक गति लाएं, उन्होने निर्देश दिए कि नालियों को आर.सी.सी. स्लेब से ढककर उन्हें कबर्ड करें, निगम द्वारा इन बस्तियों के कई स्थलों पर नाली निर्माण का कार्य हालही में पूरा किया गया है, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इन स्थलों पर भी पहुंचकर निर्माण कार्यो का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इन बस्तियों में आंतरिक सड़कों के पुनर्निर्माण व नवनिर्माण की कार्यवाही भी त्वरित रूप से प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निहारिका के सामने स्थित फलोद्यान के पीछे वाली बस्ती में एस.एल.आर.एम.सेंटर के पास पुराने जर्जर शेड

चबूतरा के स्थान पर एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण किए जाने के निर्देश दिए। नूरी मस्जिद के समीप स्थित बस्ती में स्थित आंगनबाड़ी के सामने पेवर ब्लाक लगाए जाने के निर्देश भी उन्होने अधिकारियों को दिए।

<u>सफाई कार्य में लापरवाही पर अधिकारियों को फटकार</u>–

विभिन्न बस्तियों में भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने साफ–सफाई कार्यो का भी निरीक्षण किया, बस्तियों की साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, बस्तियों में कई स्थानों पर कचरा इकट्ठा होने तथा उन्हें समय पर न उठाने एवं सफाई कार्य में लापरवाही बरतने को महापौर श्रीमती अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई, उन्होने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नियमित रूप से सफाई कार्यो का संपादन सुनिश्चित करें, सफाई कार्य के दौरान एकत्रित कचरे को तुरंत उठाएं, उन्होने कहा कि सफाई कार्यो पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

<u>बड़े नालों की सफाई कार्य को अंतिम रूप दें</u>–

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में स्थित समस्त बड़े नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने सभी बड़े नालों की सफाई के कार्य को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए, उन्होने कहा कि निगम द्वारा जिन बड़े नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया, उन नालों की भी निरंतर मानीटरिंग करें, यदि पुनः मलवा दिखाई देता है तो सफाई कार्य कराएं ताकि वर्षा के दौरान पानी समुचित निकासी सुनिश्चित की जा सके।

भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद मनहरण राठौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, निगम के सहायक अभियंता तपनयोगी तिवारी, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ काफी संख्या में बस्ती के नागरिक उपस्थित थे।